तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

11 नशे में धुत युवक ने जनपद और न्यायालय में...
12 चैतरा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ









प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# मूसलाधार बारिश से वार्ड 13 में भरा घुटनों तक पानी, बना तालाब, कॉलेज मैदान जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

**नगर पंचायत के दावों की खुली पोल, लोग घरों में कैद होने को मजबूर**




आषाढ़-सावन के इस मौसम में रथयात्रा के बाद से ही अंचल में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी था, लेकिन 20 जुलाई की शाम को कड़कड़ाती बिजली और बादलों की गर्जना के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने नगर पंचायत के विकास और जल निकासी के दावों की हवा निकाल दी। महज एक घंटे तक हुई इस झमाझम बारिश ने पूरे फिंगेश्वर नगर को पानी-पानी कर दिया। नालियां चोक होने के कारण बारिश का पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगा, जिससे नगर पंचायत की प्रशासनिक तैयारियों की पोल खुलकर सामने आ गई है। अपनी ताकत का एहसास कराते हुए इस मूसलाधार बारिश ने महज एक घंटे के भीतर वार्ड क्रमांक 13 के पूरे आवासीय परिसर को तालाब में तब्दील कर दिया। स्थिति यह थी कि वार्ड 13 को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क के ऊपर से करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा था, जिससे वार्डवासियों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया और लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए।

**तालाब बना कॉलेज मैदान, दफ्तरों में घुसा पानी-** नगर का शासकीय कॉलेज मैदान भी जलभराव के कारण किसी बड़े बांध की तरह नजर आने लगा, जहां चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। इसके अलावा, नगर के अमूमन सभी प्रमुख शासकीय कार्यालयों और दफ्तरों के परिसर पूरी तरह पानी में ▶▶| शेष पेज 10 पर

**दहशत :** आतंक के साए में दो दर्जन से अधिक गांव, निजात दिलाने कोई ठोस पहल नहीं

# आवारा कुत्ते झुंड बनाकर राहगीरों पर कर रहे जानलेवा हमला, फिर 4 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार आवारा कुत्ते लोगों और मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं फिर सोमवार को आवारा कुत्तों ने आतंक मचाते हुए 4 लोगों को बुरी तरह काटा और चारो का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि आज से दो दिन पहले देहारगुड़ा और छुईहा गौरघाट के आसपास 06 ग्रामीणों और बच्चों को आवारा कुत्तों ने दौड़ा दौड़ाकर काटा था तो रविवार को जिड़ार निवासी ग्रामीण मछली खदीरकर पालीथीन में लेकर जा रहा था कि आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया और झपटा मारकर उसके हाथ को बुरी तरह काट दिया। एक सप्ताह पहले एक ही दिन में 8 लोगों को मैनपुर नगर के भीतर आवारा कुत्तों ने सुबह के समय दौड़ा दौड़ाकर काटा। आवारा कुत्तों के आतंक के चलते ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए हाथ में डंडे लेकर चल रहे है आवारा कुत्तों का आमंक मैनपुर नगर सहित आसपास के ग्राम हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, भटगांव, जिडार, जाड़ापदर, नवमुड़ा, सिंहार, देहारगुड़ार, गिरहोला, गौरघाट, छुईहा, गोपालपुर, साल्हेभाठ, कोदोभाठ, दबनई, फरसरा, छिन्दौला क्षेत्र में ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आवारा कुत्तों के हमले से जान बचाकर तालाब में कूदा हिरण, सुरक्षित रेस्क्यू



मैनपुर। सोमवार सुबह 6:30 बजे के आसपास मैनपुर वन परिक्षेत्र के गौरघाट और छुईया के बीच बीट क्रमांक 995 के समीप सामान्य वन मंडल से लगे जंगल में एक हिरण पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। करीब तीन से चार वर्ष का यह हिरण जान बचाने के लिए भागता हुआ छुईया स्थित शासकीय आवास कॉलोनी के पीछे बने तालाब में कूद गया। कुत्तों का झुंड काफी देर तक तालाब के किनारे डटा रहा, जिससे हिरण बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। ग्रामीणों की नजर जब तालाब में फंसे हिरण पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल आवारा कुत्तों को वहां से खदेड़ा और वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों की सतर्कता और समय रहते सूचना देने से एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही वन मंडल की टीम मौके पर पहुंची। डिप्टी रेंजर अघन राम सोरी के नेतृत्व में वनकर्मियों ने सावधानीपूर्वक हिरण का रेस्क्यू किया। मौके पर प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद यह पाया गया कि हिरण को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। उपचार के बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके प्रा— तिक आवास में छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यदि सूचना मिलने में थोड़ी भी देर होती तो आवारा कुत्तों का झुंड हिरण पर दोबारा हमला कर सकता था। विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगल या गांव के आसपास किसी भी वन्यजीव के संकट में दिखाई देने पर स्वयं हस्तक्षेप करने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि प्रशिक्षित टीम सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर सके।

# मकान पर गिरा नीलगिरी का पेड़ मलबे में दबी महिला, सुरक्षित रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर की फॉरेस्ट कॉलोनी में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब एक विशाल नीलगिरी का पेड़ अचानक एक मकान पर गिर पड़ा। हादसे के दौरान घर के भीतर मौजूद महिला पेड़ और मलबे के नीचे दब गई। सूचना मिलते ही गरियाबंद पुलिस की डायल 112 टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला का सुरक्षित रेस्क्यू किया। पुलिस के अनुसार, डायल 112 को सूचना मिली थी कि फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित एक मकान पर नीलगिरी का विशाल पेड़ गिर गया है, जिससे घर के अंदर मौजूद महिला मलबे में फंस गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना देर किए घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने मलबे के नीचे दबी महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में महिला को चोटें आई थीं, जिसके बाद डायल 112 की टीम ने तत्काल उन्हें आपातकालीन वाहन से जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया। अस्पताल में महिला का उपचार जारी है। इस त्वरित और साहसिक रेस्क्यू अभियान में डायल 112 के आरक्षक धनेंद्र कुमार बंजारे और वाहन चालक अनुराग साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता से समय रहते महिला की जान बचाई जा सकी।

## खबर संक्षेप

### नगर में माता पहुचानी आज

मैनपुर। क्षेत्र के प्रमुख त्यौहारों में माता पहुचानी का पर्व 21 जुलाई को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में मनाई जाऐगी। इस दिन माता शीतला के मंदिर में ग्रामवासी पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करते है और क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि की कामना करते है साथ ही नीम की ठंडाई का छिडकाव हर बीमारियों व रोगों से बचाव के लिए किया जाता है, क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल भाठीगढ में भी माता पहुचानी का पर्व परम्परा अनुसार मनाया जाऐगा।

### बाइक सवार गिरकर घायल

**मैनपुर।** नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्यमार्ग में पेण्ड्रा मार्ग के पास सडक किनारे गड्ढे में मोटर साइकिल सवार एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हे मैनपुर अस्पताल लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं जिड़ार मार्ग में दो मोटर साइकिल आपस में टकराने से तीन लोग घायल हो गए है।

### हाई स्कूल छुईहा में पालक संघ की आमसभा कल

**छुईहा बेलर।** हाई- हायर सेकंडरी स्कूल छुईहा अभिभावक-पालक संघ की आमसभा 22 जुलाई को हाई स्कूल सभागार में कल होगी। नई सत्र 26-27 की यह पहली आमसभा हैं जिसमें एक नई कार्यकारिणी समिति और पदाधिकारियों का चयन जाना है। जिसकी सुचना प्राचार्य एमके साहू द्वारा अभिभावक पालक तक निर्धारित समय बुधवार के लिए दी जा चुकी है। इस बार शासन द्वारा नियम में काफी बदलाव लाया गया है। इस स्कूल में अब तक काम कर रही शाला विकास समितियां (एसएमडीसी) भंग कर दी गई है। उनकी जगह अब नई स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) कल अभिभावक द्वारा गठित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्राचार्य को निर्देश जारी कर दिए हैं।

# लोहरसी पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



**दल ने लिया सरपंच-सचिव का बयान**

जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहरसी में पंचायत सचिव एवं सरपंच के कार्यों को लेकर प्राप्त शिकायतों की जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनपद पंचायत द्वारा गठित जांच दल ने शिकायत के आधार पर संबंधित पक्षों को ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे जिस पर उक्त पक्षों का बयान लिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम लोहरसी निवासी द्वारा पंचायत के कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर को लिखित शिकायत सौंपी गई थी। शिकायत में पंचायत के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जांच की मांग की गई थी जिस पर सोमवार को पंचायत कार्यलय मे दोनों पक्षों की जाँच की गई। शिकायत के संदर्भ में जनपद पंचायत फिंगेश्वर द्वारा आदेश जारी पर तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया।

**दस्तावेजों का परीक्षण करने मौके पर पहुंचा जांच दल-** जांच दल ने शिकायतकर्ता सहित पंचायत सचिव एवं सरपंच को निर्धारित तिथि पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# फर्जी दस्तावेजों पर सिम और आधार कार्ड बनाने वालों पर होगी सीधी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अनधिकृत अप्रवासियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने चॉइस सेंटर एवं मोबाइल दुकान संचालकों की बैठक आयोजित की। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में दस्तावेजों के सत्यापन और केवाईसी प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने चॉइस सेंटर संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी नए व्यक्ति का आधार कार्ड, राशन कार्ड या अन्य शासकीय दस्तावेज तैयार करने से पहले उसकी पहचान और दस्तावेजों की प्रामाणिकता की गहन जांच करें। बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी ▶▶| शेष पेज 10 पर

**राजिम में विधायक रोहित साहू ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा**

# आने वाली पीढ़ी को हरित वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



सोमवार को राजिम के पदमा शीतला तालाब परिसर में रुद्राक्ष पौधारोपण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने पौधा रोपते हुए कहा कि रुद्राक्ष का पौधा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और मानव जीवन के संतुलन का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, जल और हरित वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज द्वारा धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान अनुकरणीय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। ये कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में हुआ।



**विधायक के प्रयासों से राजिम के समग्र विकास को मिली नई गतिः महेश यादव-** समारोह की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने विधायक रोहित साहू की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि विधायक श्री साहू के प्रयास से राजिम के समग्र विकास को नई गति मिली है। नगर पंचायत को अपग्रेड कर नगर पालिका बनाया। इससे नगर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जिले में प्लेसमेंट कैंप 24 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 24 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला कार्यालय परिसर में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निजी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार अधिकारी अंजुम अफरोज ने बताया कि इस रोजगार मेले में स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर एवं अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, असिस्टेंट सुपरवाइजर, एजेंट तथा मार्केटिंग सहित कुल 439 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट आकार के फोटो, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता से संबंधित मूल प्रमाण-पत्र तथा उनकी छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना होगा। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी को ई-रोजगार पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट गवर्नमेंट इन अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक 07706-241269 एवं मोबाइल नंबर 93295-59607 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज

**रायपुर।** सतनामी समाज की गुरुमाता व छग प्रदेश की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की 11 अगस्त को 54 वी.पुण्यतिथि 'स्मृति दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद कर प्रतिवर्ष की भांति प्रदेश की उत्कृष्ट महिलाओं तथा 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व पंडरी स्थित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर प्रातः पुष्पांजलि सभा होगी। बैठक के दौरान इस वर्ष से पत्रकार स्व. सुखनंदन बंजारे की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, राजधानी के उत्कृष्ट पत्रकार को यह सम्मान दिया जाएगा। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, केपी खण्डे, एमडी माहिलकर, सुंदरलाल जोगी, एसके सोनवानी, बंशीलाल कुर्रे, मनोज बंजारे, संतोष महिलांग सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### विधि छात्र संध्या ने एआईबी की परीक्षा की उत्तीर्ण

**रायपुर।** सौ. कुसुम ताई दाबके (एसकेटीडी) विधि महाविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद विधि छात्रा संध्या विभार ने पहली बार में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) भी सफलता के साथ उत्तीर्ण कर अधिवक्ता के रूप में अपने विधिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता उर्वशी घोष पाल एवं अधिवक्ता पारसमणि नायक सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करना किसी भी विधि स्नातक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसके ज्ञान, परिश्रम एवं विधि के प्रति समर्पण का परिचायक है।



### डीएपी खाद नहीं मिल रही किसान 2400 में एनपीके खरीदने को मजबूर

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में उछाल और डीएपी की किल्लत के कारण किसानों को महंगी एनपीके खाद खरीदनी पड़ रही है। भारी कमीशन और 'टैगिंग' के चलते डीलर्स कम सब्सिडी वाली एनपीके को ऊंची दरों (लगभग 1900 से 2450 प्रति बैग) पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एनपीके की ऊंची दरें और किसानों का मुख्य आरोप है कि डीएपी की भारी कमी के कारण उन्हें एनपीके लेने के लिए मजबूर किया जाता है। खरीफ सीजन के दौरान वैश्विक तनाव के प्रभाव से एनपीके के दाम 2450 प्रति बैग तक पहुंच गए हैं। भारी कमीशन के कारण एनपीके ऊंची दर पर किसान स्तरहीन खाद लेने मजबूर हैं। भाजपा सरकार किसानों को खून के आंसू रुलाने पर उतारू है। किसानों को लगातार चोट पहुंचाने का कार्य साय सरकार कर रही है। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने डीएपी के बदले एनपीके गुणवत्ताहीन देने के निर्णय का विरोध कर आक्रोश प्रकट करते हुए सरकार पर भारी कमीशन लेने का आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एक महीने में ही 1000 रुपए प्रति बोरी दाम बढ़ना और उसी खाद को किसानों के लिए भेजना केवल कमीशन खाने का माध्यम है। किसानों को उसे भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# फायरमैन भर्ती में व्यापम ने पूछा-अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण, कैसे बुझाएं बिजली से लगी आग?

*छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को फायरमैन भर्ती परीक्षा आयोजित की। इसके लिए व्यापम को प्रदेशभर से 6325 आवेदन मिले थे। इनमें से 88.25 प्रतिशत कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल रहे, शेष ने परीक्षा छोड़ दी। फायरमैन के 117 पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र सिर्फ रायपुर में ही बनाए गए थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक परीक्षा आयोजित की गई। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं के अंतर्गत रिक्त पदों पर यह भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इस लिखित परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षार्थियों से पूछे गए सवाल अत्यंत रोचक रहे। फायरमैन पदों के लिए परीक्षा होने के कारण आग बुझाने संबंधित सवालों की अधिकता रही। विद्युतजनीत आग को बुझाने कौन से अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है? लकड़ी, कागज, कपड़ा और रबर जैसे सामान में लगने वाली आग किस श्रेणी में आती है?

अग्नि त्रिभुज किन तत्वों से निर्मित होता है? प्रभावी एवं उत्तम अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण कौन-कौन से हैं, जैसे सवालों के साथ अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण, निकासी परिवहन, अग्नि सुरक्षा प्रणाली के घटक संबंधित सवाल भी पूछे गए।

**117 पदों पर होगी इसके माध्यम से भर्ती**

**88.25% रही उपस्थिति, 6325 ने किया था आवेदन**



### छत्तीसगढ़ संबंधित सवाल

- राज्य में औद्योगिक विकास का मुख्य केंद्र
- छग में नई फसल आने के समय कौन सा गीत गाते हैं?
- मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए छग सरकार द्वारा कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?
- राज्य का संवैधानिक प्रमुख कौन है?
- छग की किस मिट्टी में चिकनी मिट्टी की मात्रा सर्वाधिक पाई जाती है?
- बस्तर का महान मुक्ति संग्राम किस नाम से जाना जाता है?
- छग में बौद्ध धर्म का सबसे प्राचीन और प्रमुख केंद्र कौन सा है?
- जशपुर पाट के दक्षिण में कौन सा जिला स्थित है?
- कालक्रमानुसार छग के राज्यपालों के नाम।
- शिवनाथ के पार में मैदान में कौन सी नदियां प्रवाहित होती हैं?
- छग में दशहरे पर सोनपत्ती देने की परंपरा किसने प्रारंभ की थी?

### यूपीएससी की परीक्षा में पहुंचे सिर्फ 32%

*व्यापम के अलावा यूपीएससी की भी परीक्षा रविवार को थी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के अंतर्गत रिक्त सहायक कमांडेंट पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक यह परीक्षा संचालित हुई। इसके लिए रायपुर में चार केंद्र बनाए गए थे। यूपीएसस को इसके लिए 1704 आवेदन मिले थे। इनमें से सिर्फ 538 अर्थात 31.57% ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

**निर्देश : विधायक ने मौके पर ही अफसरों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

# जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधि की है असली जिम्मेदारी : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधानसभा सत्र से लौटने के बाद सोमवार को विधायक रोहित साहू ने एक बार फिर जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। राजिम स्थित उनके निवास कार्यालय में सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने लगे। दिनभर विधायक कार्यालय जनसुनवाई का केंद्र बना रहा, जहां विधायक ने एक-एक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए तत्काल आवश्यक पहल की। विधायक से मिलने वालों में राजिम शहर सहित कोपरा, छुरा, फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इसके अलावा कौंदकेरा, जेंजरा, बिजली, लोहरसी, सुरसाबांधा, किरवई, चरभट्टी सहित आसपास के अनेक गांवों से लोग चारपहिया वाहनों एवं अन्य साधनों से बड़ी संख्या में पहुंचे। कई ग्रामीण अपने गांवों के सामूहिक मुद्दों को लेकर आए, जबकि अनेक लोग व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर विधायक से मिलने पहुंचे। कार्यालय पहुंचने पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद जनसुनवाई का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो लगातार दोपहर बाद तक चलता रहा। विधायक ने किसी भी व्यक्ति को जल्दबाजी में नहीं निपटाया, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण, कार्यकर्ता एवं नागरिक से अलग-अलग मुलाकात कर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी। जनसुनवाई के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, पंचायत, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, निर्माण कार्यों, प्रमाण-पत्रों, भूमि संबंधी मामलों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जुड़े आवेदन सामने आए। जिन मामलों का समाधान प्रशासनिक स्तर पर तत्काल संभव था, उनमें विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन लगाकर आवश्यक निर्देश दिए और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जिन मामलों में विभागीय प्रक्रिया आवश्यक थी, उनमें संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।





**समस्याओं के अंबार पर लगी प्रशासनिक मुहर, मौके पर ही निपटारे के निर्देश**

ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपने गांवों के विकास कार्यों, अधूरे निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ दिलाने की मांग भी रखी। विधायक ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या का नियमानुसार समाधान कराया जाएगा और किसी भी पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठाने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। दिन भर चली इस जनसुनवाई में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरों से आए लोगों की लगातार भीड़ बनी रही। अपनी समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल से संतुष्ट नागरिकों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और जनसुनवाई व्यवस्था की सराहना की। सोमवार को विधायक निवास कार्यालय में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विधायक से सीधे संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# भुंजिया जनजाति में शिक्षा की स्थिति चिंताजनक, 90 फीसदी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और आदिवासी विरासत के लिए पूरे देश में जाना जाता है। राज्य सरकार ने सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से कई जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया है। इनमें भुंजिया समाज भी शामिल है। हालांकि, सरकारी योजनाओं और घोषणाओं के बावजूद अंचल के भुंजिया बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति आज भी चिंता का विषय बनी हुई है।केंद्र कमेटी भुंजिया समाज के अनुसार, समाज के अधिकांश बच्चे शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आगे बढ़ने का सपना देखते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और शैक्षणिक सुविधाओं की कमी उनके भविष्य के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। प्राथमिक स्तर तक किसी तरह पढ़ाई पूरी करने वाले अधिकांश बच्चों की शिक्षा इसके बाद रुक जाती है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि भुंजिया समाज के अधिकांश गांव घने जंगलों और दूरस्थ क्षेत्रों में बसे हुए हैं। प्राथमिक विद्यालय तो किसी तरह उपलब्ध हैं, लेकिन माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालय कई किलोमीटर दूर स्थित हैं। बच्चों को प्रतिदिन लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। बरसात और वन क्षेत्रों के रास्तों के कारण यह सफर और भी कठिन हो जाता है। विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा सबसे अधिक प्रभावित होती है, जिसके चलते बड़ी संख्या में छात्राएं प्राथमिक शिक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती है।समाज का दावा है कि वर्तमान में भुंजिया समाज के लगभग 90 प्रतिशत बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। आर्थिक कमजोरी के कारण परिवार बच्चों को बाहर पढ़ाने या किराए पर कमरा लेकर रखने में सक्षम नहीं हैं।परिणामस्वरूप अनेक बच्चे कम उम्र में ही मजदूरी अथवा अन्य कार्यों में लग जाते हैं।केंद्र कमेटी भुंजिया समाज ने बताया कि समाज की ओर से कई बार शासन और प्रशासन को छात्रावास निर्माण एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। समाज का मानना है कि यदि ब्लॉक स्तर पर छात्रावास की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो दूरस्थ गांवों के बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा का मार्ग काफी आसान हो सकता है।

#### समाज की प्रमुख मांगें

भुंजिया बाहुल्य ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी में 100 सीटर कन्या छात्रावास तत्काल संचालित किया जाए। ग्राम पंचायत तेंदुबाय में हाई स्कूल की स्थापना कर विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। भुंजिया समाज के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा हेतु विशेष छात्रवृत्ति एवं आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाए।दुर्गम क्षेत्रों से स्कूलों तक विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## दर्रीपार स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला दर्रीपार में शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यअतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष थे। कार्यक्रम मे पार्शद सहित संकुल समन्वयक अशोक कुमार सोनवानी, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष डोमन लाल साहू एवं एसएमसी सदस्य व पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व सरस्वती माता की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पण कर की गई। त्पश्चात नव प्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। प्राथमिक शाला के छात्रों को शिक्षकों द्वारा टाई बेल्ट भी प्रदान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को नियमित व समय पर स्कूल आना चाहिए एवं अनुशासन का पूर्णतह पालन करना चाहिए। उन्होंने पढ़ना क्यो आवश्यक है। बताते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य अतिथियों ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा पर जोर दिया। उसके बाद अतिथियों ने शाला परिसर में पौधारोपण किया।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य पदाधिकारी, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाए एवं नागरिक उपस्थित थे।

## सालासर समिति ने किया डॉक्टरों का सम्मान



नवापारा-राजिम। जनकल्याण एवं समाज सेवी संस्था ने नगर के वरिष्ठतम डॉक्टर 87 वर्षीय बलजीत सिंग, श्रीमती कौर, डॉ गोपाल केला, डॉ दिलीप शाह, डॉ राजेन्द्र गदिया, डॉ प्रतीक शाह, उजाला शाह, डॉ पुनीत गोस्वामी, डॉ सिद्धार्थ डागा, डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया, डॉ तेजेन्द्र साहू, डॉ टीएन रमेश, डॉ लीलाराम साहू, डॉ मेघिल रमेश, डॉ अनुज जैन, नितिन सोनिया, राजेश्वर पटेल, जीवन ज्योत सिंग, डॉ प्रमोद गुप्ता, डॉ विनीता गंजीर, डॉ रमेश सोनसायटी, डॉ मोहन सोनकर, डॉ श्रेया जैन, डॉ अंजली कांता जैन, डॉ अंकिता सुंदरानी, डॉ भोई को गुलाब की माला एवं शाल ओढ़ाकर राम नाम का दुपट्टा, मोती की माला पहनाकर सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, आरती, सरिता, पूजा, तारणी शर्मा, सुरेश, दिपेश काबरा, नंदकिशोर, संतोष, रूपेंद्र, नेमी, सुमित,मोहन, गुलाब मौजूद थे।

# 25 सितंबर को एक साथ होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, सुभाष चौक में सजेगी भव्य झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम थाना परिसर में प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरो की एक विशेष बैठक गणेश पक्ष में झांकी प्रतियोगिता आयोजन एवं विसर्जन को लेकर हुई जिसमें विशेष रूप से एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार डिंपल ध्रुव ,टीआई अमृत लाल साहू, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत, टंकु सोनकर, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, मंशाराम कुर्रे ,तुषार कदम, जानकी पटेल, जुगु ठाकुर, उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, अजय पटेल, यशवंत निराला उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम नगर में स्थापित श्री गणेश भगवान की समस्त प्रतिमाओं का विसर्जन दिनांक 25 सितंबर 2026 को एक ही दिन किया जाएगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य झांकी प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, राजिम में किया जाएगा। बैठक में सभी गणेश उत्सव समितियों से प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा जारी दिशा- निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में गणेश उत्सव एवं विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराने का आग्रह किया गया।

# बीईओ ने पतोरा स्कूल का लिया जायजा बच्चों को दिया सफलता का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा विकासखण्ड फिंगेश्वर का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सभी कक्षाओं का कक्षावार बच्चों का आंकलन जांच करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया।चर्चा के दौरान बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभा की पहचान गणित,अंग्रेजी, हिन्दी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तैयारी कैसे करें,आगे बढ़ने के लिए अपना ध्यान केंद्रित करें।इसके अलावा अनुशासन,खेल,सांस—तिक गतिविधियों पर छात्र छात्रओं की सहभागिता सफलता पाने के लिए नियमित परिश्रम व लक्ष्य स्पष्ट हो। विद्यालय के साथ घर पर भी नियमित रूप से अभ्यास करें।सीखने की प्रक्रिया कभी न छोड़ें।नई—नई बातें सीखना निरंतर सीखते रहना सफलता का मूल मंत्र है।सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता क्योंकि बिना लक्ष्य के मेहनत सही दिशा नही पहुंचती। सफलता उन्हीं को मिलती है जो सपने देखने के साथ उन्हें पूरा करने के लिए निरन्तर मेहनत करते हैं। इस बीच शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा से 2025—26 मे दो छात्र दीपेश कुमार कंवर पिता ओमप्रकाश कंवर,आदित्य कुमार बघेल पिता लोमश बघेल का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दीं।निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,शिक्षकों कि उपस्थिति शाला प्रबंधन विकास समिति की नियमित रूप से मासिक बैठक का आयोजन पर आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गये। इस अवसर पर प्रधान पाठक घनश्याम बघेल, शिक्षक थानू राम निषाद, परमेश्वर यादव, स्वीपर नीरा नायक आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### मूसलाधार बारिश से...

डूब गए। नालियों की नियमित सफाई न होने और पानी निकासी का सही ढलान न होने के कारण बारिश का गंदा पानी सड़कों से होता हुआ निचले इलाकों के घरों और दफ्तरों की बाउंड्री में घुस गया। गनीमत रही कि देर रात बारिश थमने के बाद जाम हुए पानी के स्तर में धीरे-धीरे कमी आई, जिससे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली।

**निकासी व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल-** इस पहली ही भारी बारिश ने साफ कर दिया है कि नगर पंचायत फिंगेश्वर जल निकासी को लेकर गंभीर नहीं है। नगरवासियों का कहना है कि यदि मॉनसून के शुरुआती दौर में महज एक घंटे की बारिश से वार्ड 13 और शासकीय दफ्तर डूब रहे हैं, तो आने वाले दिनों में अगर लगातार बारिश हुई तो स्थिति भयावह हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नालियों की तत्काल सफाई कराने और जल निकासी को दुरुस्त करने की मांग की है।

### आवारा कुत्ते झुंड...

देखने को मिल रहा है और आवारा कुत्तों द्वारा मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया जा रहा है।

**जिम्मेदार मौन, ग्रामीणों में भारी आक्रोश-** मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के लोग आवारा कुत्तों के आतंक से बुरी तरह भयभीत नजर आ रहे है। पिछले एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में 20 लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया और बुरी तरह से काटा है लेकिन आवारा कुत्तों से लोगों को निजात दिलाने संबंधित विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है। ग्रामीणों को उनके हाल में छोड़ दिया गया है जिसके कारण लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रही है। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि आवारा कुत्तों से निजात दिलाई जाए।

### लोहरसी पंचायत में...

उपस्थित होकर आवश्यक अभिलेख एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे ताकि शिकायत में उल्लेखित तथ्यों का परीक्षण किया जा सके जिस पर दोनों पक्ष मौक़े पर उपस्थित रहे। जांच अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सभी संबंधित पक्षों के कथन एवं उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इसके बाद नियमानुसार जांच प्रतिवेदन तैयार कर सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करने की बात कही, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल शिकायतों की जांच की प्रक्रिया जारी है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही किसी पक्ष को दोषी ठहराया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### फर्जी दस्तावेजों पर...

व्यक्ति के दस्तावेज तैयार नहीं किए जाएं। वहीं, मोबाइल दुकान संचालकों को नया सिम कार्ड जारी करने से पहले दूरसंचार विभाग के नियमों के अनुरूप केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। फर्जी अथवा संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर किसी भी स्थिति में सिम कार्ड सक्रिय नहीं करने की हिदायत दी गई।

**संदिग्धों की सूचना के लिए जारी टोल फ्री नंबर-** गरियाबंद पुलिस ने आम नागरिकों और व्यवसायियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या अनधिकृत अप्रवासी दिखाई देता है तो इसकी सूचना तत्काल शासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दस्तावेज सत्यापन और केवाईसी नियमों का उल्लंघन करने अथवा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी छिपाने वाले संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि जिले की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आम नागरिकों एवं स्थानीय व्यवसायियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### आने वाली पीढ़ी को...

के विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि पदमा शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्य विधायक जी ने स्वीकृत कराया हैं। यहां पर इसके साथ ही लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से चौपाटी निर्माण, नदी किनारे नवीन मेला मैदान तक फोर-लेन सड़क तथा इसी तट पर मां राजिम की भव्य कांस्य प्रतिमा निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सारे कार्यों को विधायक श्री साहू ने स्वीकृत कराया है इससे राजिम की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान और अधिक सशक्त होगी। विधायक का हम नगरवासियो एवं नगर पालिका राजिम की ओर से अभिनंदन करते है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, समाज के संरक्षक उमेश भारती, प्रांतीय अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, राजेंद्रपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, लीली साहू, कामेश्वर गोस्वामी, रामकुमार गोस्वामी, तुषार कदम, आकाश राजपूत, भरत यादव, बलराम निषाद, उत्तम निषाद सहित समाज के पदाधिकारी नगरवासी उपस्थित थे। संचालन काशीपुरी कुंदन ने किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं समाजजनों ने रुद्राक्ष के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

**लापरवाही : बिना किताबों के कैसे हो पढ़ाई, खाली बस्ता लेकर स्कूल जाने छात्र-छात्राएं मजबूर**

# नया सत्र शुरू हुए बीता एक महीना न किताब मिली न गणवेश, पढ़ाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से शुरू हो चुका है लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलो मे आज एक माह से अधिक समय बितने के बाद भी कोई भी छात्र -छात्राओं को किताब और गणवेश नही मिला है जिसके कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है बच्चो को कब तक किताब और गणवेश मिलेगा इसकी कोई सही जानकारी देने वाला भी नही है एक तरफ राज्य सरकार और शिक्षा विभाग बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दावा करते नही थक रहे है दूसरी तरफ छात्र – छात्रओ को पुस्तक और गणवेश का एक माह बाद भी वितरण नही होना बेहद चिंताजनक है पुस्तको के अभाव मे बच्चो की पढ़ाई बेहद गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है जिससे कोर्स पीछे छुट रहा है। वही स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल मे शिक्षको की भारी कमी बनी हुई है।

**मिडिल और प्राथमिक स्कूलों में भी पूरे विषयों के पुस्तक वितरण नहीं–** छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम को शायद बच्चे के भविष्य की चिंता नही है बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूलो मे भी सभी विशयो के पुस्तको का वितरण नही किया जा सका है अभिभावक गजेन्द्र यादव, दुष्यंत पटेल, गणेश साहू, ई"वर निशाद, चंद्रकला नेताम, जितेन्द्र साहू, रमेश साहू, अजय कंवर, राहुल साहू ने बताया उनके बच्चे नियमित रूप से स्कूल जा रहे है लेकिन अभी तक स्वामी आत्मानंद स्कूल मे किसी बच्चे को एक भी विशय का पुस्तक वितरण नही किया गया है जिसके कारण पालक और बच्चे दोनो परेशान है। वही दूसरी ओर मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे कुल शासकीय प्राथमिक शाला 255 मिडिल 117, हाईस्कूल 17 संचालित किया जा रहा है जिसमे हजारो बच्चे अध्यनरत है आज तक सभी विशयो के पुस्तक नही पहुंच पाया है।

**जल्द होगा सभी पुस्तकों का वितरण-** मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने बताया कि क्षेत्र के सभी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण किया जा चुका है। कुछ पुस्तक नही पहुंच पाई है। जल्द सभी पुस्तक वितरण हो जायेगा। श्री बघेल ने आगे बताया की गणवेश छोटा आने की जानकारी उन्हे नहीं है पता कर बता रहा हूँ। स्वामी आत्मानंद स्कूल मे भी पुस्तक के बारे मे उन्हे कोई जानकारी नहीं है।



**गणवेश छोटा होने से भारी परेशानी**

क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो मे गणवेश वितरण के लिए पहुंच गया है लेकिन अधिकांश स्कूलो से शिकायत मिल रही है कि मिडिल स्कूल के बच्चो के माप से छोटे गणवेश भेज दिया गया है जो बच्चो को छोटा हो रहा है ऐसे मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने भाजपा सरकार पर स्कूली बच्चो की शिक्षा को लेकर संवेदनहिनता का आरोप लगाया है श्री ध्रुव ने कहा नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के एक माह बाद भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल मे एक भी बच्चो को पुस्तक वितरण नही किया गया है इससे स्पष्ट हो गया कि बच्चो की शिक्षा को लेकर भाजपा सरकार संवेदनशील नही है सरकार और शिक्षा विभाग ने स्कूल शुरू होने से पहले यह दावा किया था कि सत्र प्रारंभ होते ही सभी विद्यार्थियो को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करा दी जायेगी लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरित है शासन की लचर व्यवस्था के चलते बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

## नशे में धुत युवक ने जनपद और न्यायालय में किया हंगामा, लोगों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग जनपद ओर कोर्ट परिसर में सोमवार को एक शराब के नशे में धुत युवक ने पहले जनपद पंचायत परिसर और उसके बाद न्यायालय (कोर्ट) परिसर में जमकर हुड़दंग मचाया। युवक लगातार जोर–जोर से चिल्ला रहा था और उसकी हरकतों से वहां मौजूद अधिकारी–कर्मचारी, अधिवक्ता तथा आम नागरिक परेशान हो गए। कुछ देर के लिए दोनों परिसरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पहले जनपद परिसर में नशे की हालत में उत्पात मचाता रहा। इसके बाद वह कोर्ट परिसर पहुंच गया, जहां भी उसने शोर–शराबा शुरू कर दिया। न्यायालय परिसर में मौजूद लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। मामले की जानकारी मिलते ही डायल–112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों ने स्थिति को संभालते हुए युवक को अपने कब्जे में लिया और उसे डायल–112 वाहन से थाना ले जाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिसर में शांति व्यवस्था बहाल हो गई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। देवभोग जनपद पंचायत और कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों ने डायल–112 की तत्परता और जिम्मेदार कार्रवाई की सराहना की। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो विवाद बढ़ सकता था। पुलिस की सक्रियता से स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया।

**खबर संक्षेप**



### गायत्री शक्ति पीठ द्वारा बच्चों को संस्कृत के मंत्रोच्चार की शिक्षा दी

**नवापारा-राजिम।** गायत्री शक्ति पीठ द्वारा गुरु वंदना के साथ बाल संस्कार शाला के माध्यम से गायत्री महामंत्र प्रज्ञायोग, व्यायाम, शिक्षाप्रद कहानियां, नैतिकशिक्षा, खेलकूद, प्रार्थना, संस्कृत के मंत्रोचार की शिक्षा 30 बच्चों को दी। इस अवसर पर एम एल साहू, टीआर साहू, रुखमणी बंछोर, कमल कस्तूरी साहू, धनमती साहू, कुमारी शालिनी, डिंपल, हेमा, काजल, लता साहू, वर्षा सेन मौजूद थे।

## सोहम हॉस्पिटल को मिला राज्य स्तरीय धन्वंतरि अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम




राजिम के सोहम हॉस्पिटल को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित धन्वंतरि अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। अस्पताल को विशेष रूप से क्रिटिकल केयर एवं इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी के कर कमलों से प्रदान किया गया। सोहम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. युगल चंद्राकर एवं डॉ. सोमी चंद्राकर ने इस सम्मान को अस्पताल से जुड़े सभी मरीजों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों के विश्वास और स्नेह का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे सोहम हॉस्पिटल परिवार के सामूहिक समर्पण, सेवा भावना और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। डॉ. युगल चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य केवल उपचार करना नहीं, बल्कि मरीजों को आधुनिक, सुरक्षित और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मरीजों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है और यही विश्वास उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करता है। राजिम स्थित सोहम हॉस्पिटल को मिले इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सम्मान पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, चिकित्सकों एवं नागरिकों ने डॉ. युगल चंद्राकर, डॉ. सोमी चंद्राकर तथा पूरे अस्पताल परिवार को बधाई देते हुए इसे राजिम क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

## आईआईटी दिल्ली के राष्ट्रीय बूटकैंप के लिए कोसमबुड़ा के 10 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छूरा



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के 7-दिवसीय स्टूडेंट्स रेसिडेंशियल बूटकैंप' के लिए छत्तीसगढ़ के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय (भारत सरकार) और आईआईटी दिल्ली के 'भगवान बिरसा मुंडा सेल' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित। इस गरिमामयी शिविर में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 50 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण चयन सूची में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा ने अपना परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. कमलाकांत यादव के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और मार्गदर्शन के चलते राज्य के कुल 50 बच्चों में से 10 बच्चे अकेले कोसमबुडा से चुने गए हैं, जो कि कुल चयन का 20 प्रतिशत है। छात्रों के इस दल के सफल संचालन, सुरक्षा और शैक्षणिक सहयोग के लिए कोसमबुडा के ही गौरव को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। श्री गौरव बच्चों के साथ इस ऐतिहासिक यात्रा पर दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं और पूरे बूटकैंप के दौरान बच्चों के मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे। प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की यह हमारे विद्यालय के शिक्षकों की लगन और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर हमारे बच्चे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

## रसेला में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व शीतला मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला





ग्राम रसेला में सोमवार को माता पहुचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से मंदिर प्रांगण स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर रात तक मंदिर में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। पर्व में लोग भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। मादर की थाप के साथ सेवारूपी जस का आयोजन किया गया। मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार मंदिर में श्रद्धालुओं पर मैय्या को अर्पण हल्दी पानी के घोल,नीम की पत्ती का छिड़काव किया गया। प्रसाद के रुप में लोग इसे अपने घर भी ले गए जिसे माता के प्रकोप से पीड़ित रहे बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव किया जाएगा। माना जाता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए ही हर वर्ष माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उससे बचने का आशीर्वाद मांगे जाते हैं, माता पहुंचनी का पर्व मुख्य रुप से ग्रामीणों के द्वारा गांव की सुख समृद्धि के लिए काम काज बंद कर धूमधाम से मनाया जाता है जिसके लिए माता शीतला के मंदिर में महिला और बच्चे थाली में हल्दी तेल,नीम की पत्तियां,चना दाल, नारियल के साथ ही दीप सजाकर एवं दाल चावल रखकर पहुंचे। वहीं मंदिर में चढ़ा हुआ प्रसाद के साथ हल्दी पानी घर लाकर घरों में,कोठा और अपने परिवारजनों में छिड़काव किया। मान्यता है कि इस पानी से शरीर ठंडा और स्वस्थ हो जाता है। मंदिर में घर से चढ़ावे की थाली ले जाकर वापस आशीर्वाद रूपी हल्दी पानी लाना माता के पास से स्वयं उपस्थित देना माता पहुंचानी कहा जाता है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैकड़ों श्रद्धालु अपनी अपनी मन्नतों का चढ़ावा लेकर मंदिर पहुंचे और माता के चरणों में आस्था अर्पित की। माता पहुचनी का यह पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का प्रतीक भी है। इस दौरान बैगा भागवत कोमर्रा, टंकेश्वर कोमर्रा, नाथुराम ठाकुर, तामेशर मरकाम, और शीतला समिति के सभी पदाधिकारी सहित ग्राम प्रमुख व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्षदों ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**नवापारा-राजिम।** नगरपालिका नवापारा के कांग्रेस पार्षदों ने सोमवार को फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। एक विज्ञप्ति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू होते ही गंदे एवं मटमैला पानी नलों से आ रहा है। इस बात को कुछेक लोगों ने ध्यान में लाया सो कांग्रेसी पार्षद अजय साहू, रामरतन निषाद, दीपाली राजपूत, अर्जुन साहू, तरुण कंसारी, हेमंत साहनी टिकेश्वर गिलहरे, फागुराम देवांगन पहुंचे थे। बताया कि फिल्टर



प्लांट में पानी साफ करने के लिए सबसे आवश्यक सामग्री फिटकिरी और ब्लीचिंग पाउडर पूरी तरह से खत्म हो चुकी है जिसके कारण गंदा पानी मिल रहा है। इन पार्षदों की जानकारी में आई कि गर्मी दिन में प्रतिदिन 20 बट्टी फिटकरी डाली जा रही थी लिहाजा पानी साफ मिल रहा था लेकिन अब बारिश के मौसम में महानदी और स्थानीय जल स्रोतों से आने वाला पानी अत्यधिक मटमैला और दूषित हो चुका है, तब पानी शुद्ध करने वाली फिटकरी व ब्लीचिंग पाउडर डालना बहुत जरूरी हो गया है। इससे डायरिया, पीलिया और टाइफाइड जैसी महामारी फैलने का डर बन गया है। इन पार्षदों ने इस दिशा में पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

## विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष से दीपक साहू ने की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक साहू एवं जिला महामंत्री पंकज निर्मलकर ने अपने नवीन दायित्व ग्रहण करने के बाद सोमवार को राजिम विधायक रोहित साहू एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर आभार व्यक्त किया तथा आगामी समय में पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान विधायक रोहित साहू ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में युवाओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनके उत्साह, ऊर्जा तथा समर्पण से पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस अवसर पर शीतल सिन्हा, संजीव सोनकर, मुकेश ध्रुव ,ओंकार साहू, राकेश अडवंशी सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी
तहसील-नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं प्रदीप जगताप पिता सुरेश जगताप जाति निवासी वार्ड नं. 03 दम्मानी कॉलोनी गोबरा नवापारा, तहसील-नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूं।

1. मैं प्रदीप जगताप वार्ड नं. 03 दम्मानी कॉलोनी गोबरा नवापारा, तहसील नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्री का (पुराना नाम) पुष्टी जगताप से बदलकर नया नाम प्रिशा जगताप करवाना चाहता हूं।
3. मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नि नेहा जगताप हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ-पत्र अपने पूरे होशोहवासों में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी में समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक आवेदक



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्मार्ट मीटर आम जनता को लूटने का जरिया बना : यादव

**मैनपुर।** स्मार्ट मीटर के कारण बिजली की खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि जनता परेशान है, लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। स्मार्ट मीटर आम आदमी को लूटने का बन गया है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफ योजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी कर दिया।



### देवगांव में खीर-पूड़ी प्रसादी का वितरण

**छुईहा बेलर।** ग्राम देवगांव स्थित प्रसिद्ध माता शीतला मंदिर में आषाढ़ माह के पावन अवसर पर सोमवार को पारंपरिक माता पहुंचनी जुड़वाश (ठंडाई) का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। गांवभर से श्रद्धालु माता शीतला के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की। ग्राम के भीष्म देव नगारची ने बताया कि माता पहुंचनी जुड़वाश (ठंडाई) कार्यक्रम सेवा दल के सदस्यों द्वारा माता सेवा, जसगीत और मांदर की थाप पर भक्ति गीतों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में गांव की माताएं, बहनें, बच्चे, बुजुर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजन एवं भजन-कीर्तन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खीर-पूड़ी की प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर तेजराम ध्रुव (बैगा), राजेंद्र साहू (सरपंच), संतुराम, प्रेमसिंह, रोहित, भीष्म, तमेश, नेतराम, बुधराम, बेदराम, सियाराम, खेलावन, घनश्याम, बेनू, केजू, मूलचंद, ओमप्रकाश साहू सहित समस्त सेवा दल के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सप्ताहभर में बना देवेंद्र का डुप्लीकेट लाइसेंस

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनहितकारी पहल सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। एक कॉल पर लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसका एक सकारात्मक उदाहरण तब देखने को मिला, जब बलौदाबाजार जिले के निवासी देवेंद्र सिंह को डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का समाधान मात्र एक सप्ताह के भीतर मिल गया। देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन 1076 में अपनी सुविधानुसार जिले के परिवहन विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई और एक सप्ताह के भीतर ही उनका डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। समस्या के त्वरित समाधान से देवेंद्र सिंह ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति और जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आज हनुमान चालीसा का पाठ करेगी आप

**महासमुंद।** प्रदेशभर की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी 21 जुलाई (मंगलवार) को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करेगी। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रदेश और देश में शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प होगा। पार्टी नेताओं ने बताया कि यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी, दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक मुकेश अहलावत के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

---

### बैठक : सरपंच व कोटवारों की हुई बैठक

# अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद**

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने अवैध प्रवासियों की पहचान और किरायेदारों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सरपंचों और कोटवारों की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने ग्राम स्तर पर सरपंचों और कोटवारों को सतर्क प्रहरी की भूमिका निभाने पर जोर देते हुए कहा कि गांव या वार्ड में रोजगार, मजदूरी अथवा अन्य कारणों से बाहर से आने वाले प्रत्येक नए व्यक्ति की जानकारी तत्काल संबंधित थाने को उपलब्ध कराई जाए। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होता है या उसके पास वैध पहचान पत्र नहीं है, तो इसकी सूचना भी तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग किराये के मकानों में रह रहे हैं। ऐसे में बाहरी व्यक्तियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और उनकी गतिविधियों की जानकारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सभी मकान मालिकों से अपने किरायेदारों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराने की अपील की गई है। इसके लिए पुलिस के 'समाधान ऐप' के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि मकान मालिक घर बैठे ही किरायेदारों का सत्यापन करा सकें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि बिना सत्यापन किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

■ संदिग्धों और बिना आईडी वाले बाहरी लोगों की तत्काल सूचना देने के निर्देश





#### जनभागीदारी से अपराध नियंत्रण पर जोर

गरियाबंद पुलिस ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गृहस्वामियों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। पुलिस का कहना है कि जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने में जनता की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना प्रभारी को देने की अपील की गई है।

---

# चैतरा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में संचालित गायत्री नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैतरा में शनिवार को बाल संस्कारशाला का पुनः शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जागेश्वर साहू (अध्यक्ष, दिव्यांग संघ, गरियाबंद), एचएल साहू वरिष्ठ गायत्री परिवार, पुरोहित परमानंद एवं खेमिन साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां गायत्री, ग्राम देवता,पुज्य गुरूदेव पं. श्रीं राम शर्मा आचार्य,मां सरस्वती के पूजन और माल्यार्पण से हुई, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं प्रेरक प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया गया। यह बाल संस्कारशाला प्रति रविवार दो घंटे तक चलेगी, जिसमें बच्चों को नैतिक ज्ञान देकर संस्कारवान विद्या प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्कूल में शिक्षा (विषयों की जानकारी) दी जाती है, जबकि इस संस्कारशाला में विद्या अर्थात जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। यहां बच्चों को बताया जाएगा कि परमात्मा को कैसे प्राप्त करें, माता-पिता का सम्मान कैसे करें, बड़ों को प्रणाम कैसे करें तथा क्या खाएं-क्या न खाएं, कहां जाएं-कहां न जाएं, किससे मित्रता करें इत्यादि नैतिक ज्ञान दी जायेगी।



इस अवसर पर श्री जागेश्वर साहू ने कहा यह अत्यंत उत्तम कार्य है। ऐसी संस्कारशाला प्रत्येक गांव में चलनी चाहिए। 10 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए आज के समय में इस प्रकार का ज्ञान अनिवार्य है। परिवार के बीच अच्छे वातावरण की आवश्यकता जो यहां मिल सकता है। उन्हें भाई-बहन और माता-पिता से व्यवहार करने का तरीका कम उम्र में ही सीखना चाहिए।कार्यक्रम में आचार्य वंदन के बाद सभी बालकों का तिलक कर एवं हाथ में कलावा बांधकर सम्मानित किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई और उनसे प्रत्येक रविवार को दो घंटे बाल संस्कारशाला में आने का संकल्प कराया गया। यह पहल समाज में संस्कारों के पुनर्जागरण का एक सराहनीय प्रयास है।

---

# भेंडरी लोहरसी में स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनी चित्ररेखा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा**

भेंडरी लोहरसी छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी लोहरसी में आगामी दो वर्षों के कार्यकाल के लिए 16 सदस्यी विद्यालय प्रबंधन समिति का विधिवत गठन किया गया। गठित समिति में चित्ररेखा यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा डुमेंश्वरी साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। शिक्षाविद् श्यामगिरि गोस्वामी को शिक्षा विशेषज्ञ सदस्य के रूप में तथा स्थानीय प्राधिकरण के प्रतिनिधि के रूप में उपसरपंच ऐलु राम साहू को शामिल किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति का मुख्य उद्देश्य में विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी तथा विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। समिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप विद्यालय विकास योजना तैयार करने, उसके प्रभावी क्रियान्वयन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। शाला प्रबंधन समिति बैठक में निम्न सदस्यों का चयन किया गया, प्रीतम लाल साहू, सुरेश कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, गुणीक राम साहू, लक्ष्मी यादव, उर्मिला साहू, यशोदा साहू, दुर्गेश्वरी यादव, गीता साहू ,गोदावरी ध्रुव, सदस्य सचिव प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक लालजी सिंहा का चयन किया गया। पालक तारा साहू , टेकेश्वरी साहू, शांति यादव, रेखा बाई यादव, सहित सभी चयनित सदस्य आज आयोजित बैठक में उपस्थित रहे।



---

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

# किसान यूनियन ने वांगचुक के आंदोलन को दिया समर्थन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला गरियाबंद के नेतृत्व में सोमवार को फिंगेश्वर में राष्ट्रपति महोदया के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पर्यावरणविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन किया गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड में मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से विद्यार्थियों के हित,पर्यावरण संरक्षण तथा देश के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलनरत हैं। भारतीय किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक समाप्त करने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।यूनियन ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक,नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्था के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं।इसलिए उनसे तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कथित विकास के नाम पर जल,जंगल,जमीन और पर्यावरण का लगातार दोहन किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है और स्थानीय समुदायों का विस्थापन हो रहा है।

- विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन तुरंत रुके

भारतीय किसान यूनियन ने मांग की कि जिन परियोजनाओं का स्थानीय स्तर पर विरोध हो रहा है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। भारतीय किसान यूनियन ने केंद्र सरकार से लोकतांत्रिक आंदोलनों का सम्मान करने, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा छात्रें,किसानों और आम जनता की आवाज को गंभीरता से सुनने की अपील की। प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, गरियाबंद जिलाध्यक्ष मदनलाल साहू फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रेखराम साहू सहित उत्तम कुमार साहू, ललित कुमार साहू, योगेंद्र साहू, संतोषी साहू, भूनूराम साहू, करण कुमार, रेवती रमन, आयुष कुमार, सोमन यादव, नंदू ध्रुव, होरिलाल साहू, लखनलाल साहू, बोधनलाल साहू, प्यारीराम, गजेश्वर साहू, पदुम राम, कुलेश्वर, रोमश साहू आदि कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।




---

# सशिमं छुरा में सरदार पटेल की जयंती पर विविध प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा**

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में कन्या भारती एवं किशोर भारती का शपथ ग्रहण समारोह तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम् के पवित्र उच्चारण एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस विभाग एवं समिति के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय की छात्र संगठन इकाइयों कन्या भारती एवं किशोर भारती के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। सभी नवचयनित पदाधिकारियों ने विद्यालय, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में सेनापति पद पर भैया दुष्यंत यादव एवं बहन प्रियंका साहू, उपसेनापति पद पर भैया अविनाश साहू एवं बहन मानसी साहू, तथा अध्यक्ष पद पर भैया तुषार साहू एवं बहन चांदनी ठाकुर सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचित भैया-बहनों ने शपथ ग्रहण की।

इसके पश्चात लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस थाना छुरा के सहयोग से जनजागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, समाजसेवी शीतल ध्रुव, समिति की व्यवस्थापिका, अध्यक्ष एवं समिति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में टीकम मरकाम, सेवक निषाद, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, राहुल सिन्हा, किरण वर्मा, ओम डहरिया, कविता यदु, भारती यादव, अल्का सिन्हा, निधिका शाह, टेकेश्वरी तारक, कुंती साहू, डॉली साहू, दुहिता यादव, रितु शर्मा, नंदनी साहू, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



---

# आवासपारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए हुआ भूमि पूजन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा**

नगर पंचायत छुरा के वार्ड क्रमांक 03 स्थित आवासपारा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम सोमवार आयोजित किया गया। यह निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त अधोसंरचना मद के अंतर्गत कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह सीसी रोड संतोषी साहू के घर से मुस्कान साहू के घर तक निर्मित की जाएगी, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा माननीय विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में नगर में लगातार विकास कार्य जारी है। इस निर्माण कार्य को वार्ड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, पार्षद सलीम मेमन, रामजी दीवान, यामीन(ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, देवीसिंह नेताम, शांतनु देवांगन, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, एल्डरमैन तुलाराम साहू, सफर सचदेव, धर्मेंद्र चंद्राकर, भवानी शंकर सेन, आसकरण टंडन, संतोष ध्रुव, राजू यादव, वेदिका वासनिक, निखिल साहू, पीयूष सिन्हा, नारायण पटेल, कांतिलाल साहू, बेदलाल सिन्हा, अजमेर खान, एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



---

### सुरसाबांधा स्कूल में बच्चों को बांटे बैग, कॉपी-किताबें

# शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : योगेश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुरसाबांधा**

शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ नवीन प्राथमिक शाला सुरसाबांधा में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को पेन, कॉपी, स्कूल बैग एवं पानी की बोतल वितरित की गई। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। विशेष रूप से यादराम वर्मा ने अपने व्यक्तिगत सहयोग से विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग की व्यवस्था कर सराहनीय योगदान दिया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश साहू ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने, शिक्षकों का सम्मान करने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को समय-समय पर बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना केवल सहयोग नहीं, बल्कि उनके उज्वल भविष्य के निर्माण में एक सार्थक योगदान है। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुरसाबांधा के सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच सीतेश्वरी वर्मा, पंच सूर्यकांत वर्मा, पंच भागवत सेन, पंच अहिल्याबाई वर्मा, पंच सौहद्रा बाई वर्मा, कर्मी समाज सुरसाबांधा के अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, मोनू वर्मा, यादराम वर्मा, विद्यालय के प्रधानपाठक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने योगेश साहू, यादराम वर्मा एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411